सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link: https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

पो.रजि. नं. आरजे/एजे/211/2025-27

PRGI. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 3 | अंक 4 | अजमेर, रविवार 10 अगस्त 2025 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## ऑपरेशन सिंदूर में गेम चेंजर साबित हुई एस 400 प्रणाली- वायु सेना प्रमुख

बेंगलूरु। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना के पांच लड़ाकू विमान सहित छह विमान मार गिराए और इस सफलता तथा दुश्मन के आक्रमण को रोकने में एस 400 प्रणाली गेम चेंजर साबित हुआ। वायु सेना प्रमुख ने कहा कि चूंकि वे हमारे एयरबेस को निशाना बना रहे थे हमने पूरे सोच-विचार के बाद निर्णय लिया कि हमें बिना और इंतजार किए जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके विमानों ने हमारी रक्षा प्रणाली को भेदने के प्रयास किया। हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने बेहतरीन काम किया। हाल में खरीदी गई एस 400 प्रणाली गेम चेंजर साबित हुई। इस प्रणाली की रेंज ने लंबी दूरी के ग्लाइड बम जैसे उनके हथियारों को उनसे दूर रखाए वे उनका इस्तेमाल नहीं कर सके। सिंह ने बताया कि ऑपरेशन के पहले दिन 6.7 मई की रात हमारी हवाई रक्षा प्रणाली की सक्रियता के बावजूद पाकिस्तान के कुछ लंबी दूरी के हथियार हमारी रक्षा को भेदने में सफल रहे थे और कुछ बम हमारे सैन्य इलाकों के काफी करीब गिरे थे। एक बार भारत ने अपने सतह से हवा में मार करने वाले हथियारों का उपयोग शुरू किया तो दुश्मन के हमले बेअसर हो गए। उन्होंने



कहा कि शुरु में दुश्मन की तरफ से बड़े पैमाने मोर्चा बंदी की जा रही थी। लेकिन जब हमारी तरफ से पहली मिसाइल दागी गई तो अचानक हमने पाया कि मोर्चा बंदी गायब हो गई।ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को हुए नुकसान का विवरण देते हुए वायु सेना प्रमुख ने बताया कि भारत ने दुश्मन के कम से कम पांच लड़ाकू विमानों को मार गिराया। इसके अलावा एक और बड़े विमान को भी सफलतापूर्वक निशाना बनाया गया जो संभवतः एलइन्ट, इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस या एईडब्ल्यूएंडसी, एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोलद्ध विमान था जिसे करीब 300 किमी की दूरी से मार गिराया गया।उन्होंने कहा कि यह जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल से सबसे लंबी दूरी पर किसी लक्ष्य को निशाना बनाने का वाकया है। उन्होंने बताया कि भारत ने मुरीद और चकलाला में पाकिस्तान के दो कमांड एंड कंट्रोल सेंटर छह छोटे-बड़े रडार और लाहौर तथा ओकाला में दो सर्फेस टू एयर गाइडेड वेपन सिस्टम नष्ट कर दिए। सरगोधा और रहीमयार खान एयरबेस पर पाकिस्तान के दो रनवे को भी भारत ने नेस्तनाबूत कर दिया। इसके अलावा तीन हैंगर भी ऑपरेशन सिंदूर में नेस्तनाबूत कर दिए गए। वायु सेना प्रमुख ने बताया कि एक यूएवी हैंगर को तबाह किया गया। एक एईडब्ल्यूएंडसी हैंगर नष्ट कर दिया जिसमें एक एईडब्ल्यूएंडसी विमान भी था। जैकबाबाद में एक एफ16 हैंगर को नष्ट किया गया जिसमें कुछ विमान मरम्मत के लिए थे।

## अशोक गहलोत की सुरक्षा में तैनात हैड कांस्टेबल राजकुमार यादव और उनका बेटा अरेस्ट

### पेपर लीक केस में एसओजी को मिली बडी सफलता

जयपुर। राजस्थान में पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सुरक्षा में तैनात हैंड कांस्टेबल राजकुमार यादव और उनके पुत्र भरत



यादव को एसओजी ने अरेस्ट कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस के विशेष अभियान दल एसओजी ने शुक्रवार देर रात को इन दोनों को जयपुर में इनके घर से गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि राजकुमार यादव ने बेटे के लिए उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर खरीदा था। भरत यादव लिखित परीक्षा में पास भी हो गया था लेकिन फिजिकल में असफल रहा। एसओजी के अनुसार इस मामले में संगठित स्तर पर पेपर खरीद फरोख्त का नेटवर्क सक्रिय रहा है। अशोक गहलोत के कार्यकाल के दौरान राजकुमार यादव उनकी सुरक्षा टीम में तैनात था और भाजपा सरकार बनने के बाद भी उसी पद पर कार्यरत रहा। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है ताकि पेपर लीक नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुंचा जा सके। उधर अशोक गहलोत ने अपने बयान में कहा कि मीडिया के माध्यम से जानकारी में आया है कि मेरी सुरक्षा में तैनात जयपुर पुलिस लाइन के एक हैड कांस्टेबल एवं उनके पुत्र को एसओजी ने हिरासत में लिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की अपराध में कोई संलिप्तता हो तो कानून अपना काम करे। मुझे आशा है कि एसओजी बिना किसी दबाव के इस मामले की जांच कर एक तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचेगी।

## रक्षा बंधन पर बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर बांधी राखी



अजमेर। सेवा बस्ती में रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा बंधन उत्सव मनाने आरएसएस के स्वयं सेवक।

अजमेर। भाई बहन के अटूट रिश्तों का पर्व रक्षा बंधन शनिवार को पारंपरिक रीति रिवाज और उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने शुभ मुहूर्त में अपने भाईयों के तिलक कर कलाई पर राखी बांधी तथा मुंह मीठा कराया। इस मौके पर भाईयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। रक्षा बंधन पर बहनों ने सेंट्रल जेल में बंद अपने कैदी भाईयों को राखी बांधी तथा तिलक कर उन्हें मिठाई खिलाई। भाई से मिलने के दौरान कई बहनों की आंखे नम हो गई।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ रक्षा बंधन उत्सव को धूमधाम से मनाता आया है। इस बार भी संघ की शाखाओं पर स्वयंसेवकों ने एक दूसरे को रक्षा सूत्र बांधे। इसी तरह पुष्कर में भटबाय गणेश मंदिर मार्ग पर स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में समाजसेवी व प्रबुद्धजनों ने उम्मीद डे केयर के दिव्यांग बच्चों एवं वृद्धजनों की कलाई पर राखी बांधकर रक्षा बंधन पर्व मनाया साथ ही उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सावन मास की पावन पूर्णिमा एवं रक्षा बंधन के उपलक्ष्य में देर शाम पुष्कर दिव्य महाआरती संघ एवं सनातन धर्म रक्षा संघ अजयमेरु के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर घाट पर पुष्कर सरोवर की दिव्य महाआरती का आयोजन किया गया।

### राजस्थान रोडवेज में फ्री यात्रा

रक्षा बंधन के अवसर पर राय सरकार ने रोडवेज बसों में दो दिन 9 व 10 अगस्त को निशुल्क यात्रा का तोहफा दिया। इससे राखी पर रोडवेज बस स्टेंडों पर भारी संख्या में महिलाओं की भीड नजर आई।

### बाजारों में रही खासी रौनक

राखी के त्योहार के मद्देनजर शहर के मुख्य बाजारों के साथ ही गली मोहल्लों में दुकानों पर खासी ग्राहकी हुई। पुरानी मंडी, मदार गेट डिग्गी बाजार में बाजारों की रौनक परवान पर रही। बहनों ने राखियों और मिठाई खासकर घेवरों की जमकर खरीदारी की।

## चुनाव आयोग ने 334 पंजीकृत राजनीतिक दलों के नाम काटे

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि चुनाव प्रणाली को स्वच्छ बनाने के क्रम में उसने पंजीकृत एवं गैर.मान्यताप्राप्त आरयूपीपी राजनीतिक दलों की सूची से 334 दलों के नाम हटा दिए हैं। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्रवाई बाकायदा जांच पड़ताल के बाद की गई है फिर भी ये दले चाहें तो 30 दिन के अंदर अयोग के समक्ष अपील दायर कर सकते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 के प्रावधानों के अनुसार देश में इस समय छह राष्ट्रीय 67 राज्यस्तरीय और 2854 पंजीकृत एवं गैरमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल हैं। आम आदमी पार्टी बहुजन समाज पार्टी भारतीय जनता पार्टीए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया




मार्क्ससिस्ट इंडियन नेशनल कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी को राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता है। नियमत यदि कोई दल लगातार छह साल तक चुनाव नहीं लड़ता है तो उसे पंजीकृत दल की सूची से हटा दिया जाता है। पंजीकृत दलों को समय समय पर अनिवार्य रूप से अपने बारे में कुछ विवरण भी देने होते हैं।आयोग ने कहा है कि उपरोक्त नियमों-निर्देशों के अनुपालन के संबंध में उसने जून 2025 में राज्यों तथा केंद्र शासित क्षेत्रों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से 345 पंजीकृत गैर.मान्यताप्राप्त दलों की जांच करने को कहा था। जांच के दौरान इन दलों को नोटिस जारी किए गए थे और बात रखने का मौका भी दिया गया था।

मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की रिपोर्ट में पाया गया था कि उनमें से 334 दल पंजीकरण शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं। शेष मामलों को पुनरु सत्यापन के लिए अधिकारियों को वापस भेजा गया है।

आयोग ने सभी तथ्यों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की सिफारिशों पर गौर कर 334 आरयूपीपी को पंजीकृत दलों की सूची से हटा दिया है। इस तरह अब सूची में कुल 2854 आरयूपीपी में से 2520 शेष बचे है। निकाले गए दल 30 दिन के भीतर आयोग के समक्ष अपील कर सकते हैं।

## ईडी की याचिका पर कार्ति चिदंबरम को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय ईडी की याचिका पर कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम को शुक्रवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस संबंध में आदेश पारित किया। ईडी ने कार्ति चिदंबरम के खिलाफ विशेष अदालत में चल रही कार्यवाही पर सुनवाई स्थगित करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा



खटखटाया है। उच्च न्यायालय ने धन शोधन मामले में कार्यवाही स्थगित करने के विशेष अदालत के इनकार के खिलाफ कार्ति चिदंबरम की याचिका पर यह आदेश पारित किया था। यह मामला कथित चीनी वीजा अनियमितता और एयरसेल.मैक्सिस मामले से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि कार्ति के पिता पी चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे तब 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीज़ा जारी करने में कथित अनियमितताएं हुईं। वहीं एयरसेल.मैक्सिस मामला विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड ,एफआईपीबी की मंजूरी देने में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है। इस मामले में आरोप है कि 2006 में पी चिदंबरम के केंद्रीय वित्त मंत्री रहने के दौरान कथित तौर पर आर्थिक लेन-देन हुआ था।

## सम्पादकीय

# ट्रंप के ट्रेड फतवों को खारिज कर मोदी ने अमेरिका को भारत की ताकत का अहसास करा दिया है

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर एकतरफा तरीके से भारी-भरकम टैरिफ;शुल्क लगाने और व्यापारिक फत्तवों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सख्त और संतुलित रुख सामने आया है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिना अमेरिका या ट्रंप का नाम लिए यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अपने किसानों मछुआरों और पशुपालकों के हितों पर किसी भी अंतरराष्ट्रीय दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है। यह एक ऐसा कदम है जो भारत की आत्मनिर्भरता संप्रभुता और जनहित को प्राथमिकता देने का संकेत देता है।हम आपको बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने पहले से ही भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया था और हाल ही में रूसी तेल की खरीदारी को लेकर अतिरिक्त 25प्रतिशत शुल्क जोड़ते हुए कुल 50 प्रतिशत टैरिफलागू कर दिए जो किसी भी देश पर अब तक सबसे ज्यादा शुल्क है। यह सीधा-सीधा दबाव बनाने की रणनीति है ताकि भारत अपने व्यापारिक नीतियों को अमेरिकी हितों के अनुसार ढाल ले।इसके जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने दो टूक कहा कि भारत किसानों मछुआरों और डेयरी किसानों के हितों के साथ कभी समझौता नहीं करेगा। हमें इसके लिए भारी कीमत चुकानी पड़ेगी इसकी मुझे जानकारी है और मैं इसके लिए तैयार हूं। भारत इसके लिए तैयार है। देखा जाये तो यह बयान न केवल साहसी था बल्कि यह अमेरिका को एक स्पष्ट संदेश भी था कि भारत अब अंतरराष्ट्रीय संबंधों में बराबरी के स्तर पर संवाद चाहता है न कि दबाव में। इसके साथ ही भारत सरकार ने ट्रंप की मांगों को लेकर एक स्पष्ट रेड लाइन खींच दी है। विशेष रूप से कृषि डेयरी और जेनेटिकली मोडिफाइड खाद्य पदार्थों के क्षेत्र में अमेरिका को बाजार में खुला प्रवेश देने से इंकार कर दिया गया है। देखा जाये तो भारत में छोटे किसान जो जीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं अमेरिकी कृषि उत्पादों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते क्योंकि अमेरिका के बड़े-बड़े फार्मों को सरकार की तरफसे भारी सब्सिडी मिलती है। यदि इन उत्पादों को भारत में बिना शुल्क के आने दिया गया तो भारतीय किसानों की आजीविका पर सीधा खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसी तरह डेयरी सेक्टर में भी अमेरिका ने ज़ीरो ड्यूटी की मांग की हैए लेकिन भारत ने इसे सिरे से नकार दिया है। भारत की डेयरी व्यवस्था लाखों छोटे पशुपालकों के जीवन से जुड़ी हुई है और यह न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक स्थायित्व से भी जुड़ा हुआ मुद्दा है।इसके अलावा जेनेटिकली मोडिफाइड फूड एक और विवादास्पद क्षेत्र है जहां भारत ने ट्रंप प्रशासन की ज़बरदस्ती को सख्ती से नकार दिया है।

भारत में जीएम फूड को लेकर वैज्ञानिक और सामाजिक चिंताएं बनी हुई हैं। अमेरिका की तरफसे ऐसे खाद्य पदार्थों के निर्यात पर दबाव बनाया गया जबकि भारत ने इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से अस्वीकार्य माना। वहीं तेल की खरीद को लेकर भी भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि यह निर्णय भारत की ऊर्जा सुरक्षा को ध्यान में रखकर बाजार आधारित तरीकों से लिया गया है न कि किसी एक देश को लाभ पहुंचाने के लिए।देखा जाये तो डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीति में एक तरफा लाभ लेने की प्रवृत्ति दिखती है। उन्होंने जिन अन्य देशों के साथ समझौते किएए वहां भी टैरिफ कम करने के बदले कोई ठोस रियायत नहीं दी। भारत के साथ भी ट्रंप प्रशासन ने 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक के अतिरिक्त शुल्क इस्पात एल्युमिनियम ऑटोमोबाइल्स आदि पर लगाए जबकि भारत से उन्होंने पूर्ण टैक्स माफी की मांग की। भारत ने अमेरिका को तेलए खाद रक्षा उपकरण आदि की खरीद का प्रस्ताव दिया जिससे व्यापार घाटा संतुलित किया जा सके परंतु ट्रंप ने इसे अपर्याप्त कहकर नकार दिया।जहां तक प्रधानमंत्री मोदी के बयान की बात है तो उनका यह रुख केवल एक कूटनीतिक बयान नहीं है बल्कि यह भारत की आर्थिक स्वतंत्रता कृषि आधारित समाज की सुरक्षा और रणनीतिक दृष्टिकोण की रक्षा का एक मजबूत संकेत है।

ट्रंप को समझना होगा कि भारत अब वैश्विक मंच पर केवल एक उपभोक्ता बाजार नहींए बल्कि एक आत्मनिर्भर आत्मसम्मान से युक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा हो रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की व्यापारिक धमकियों को प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह सिरे से नकारते हुए अपने देश के किसानों मछुआरों और पशुपालकों के हितों की रक्षा की हैए वह न केवल अमेरिका के लिए एक बड़ा झटका है बल्कि यह भारत की सशक्त विदेश नीति की एक मिसाल भी बन गया है।

# समावेशी तथा संवेदनशील समाज में विशेष योग्यजन की भागीदारी अहम -भजनलाल शर्मा

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक समावेशी तथा संवेदनशील समाज के निर्माण के लिए विशेष योग्यजन की समान भागीदारी अति आवश्यक बताते हुए कहा है कि इसके लिए राज्य सरकार दिव्यांगों को केन्द्र में रखकर निरंतर कार्य कर रही है तथा उन्हें सशक्त बनाने के लिए कृतसंकल्पित है।शर्मा शुक्रवार को जामडोली के सामाजिक न्याय संकुल परिसर में आयोजित विशेष योग्यजन बहन सम्मान दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की परिकल्पना अंत्योदय को साकार करने में जुटी हुई है। उन्होंने प्रदेशवासियों से एकात्म मानववाद तथा नागरिक कर्तव्यों को निभाते हुए प्रत्येक जरूरतमंद की मदद करने की अपील भी की।उन्होंने रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्यौहार भाई.बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है जो आपसी स्नेह विश्वास और संरक्षण की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि आपका ये भाई सभी बहनों की सुरक्षा सम्मान के साथ ही सभी को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कई योजनाएं एवं नवाचारों के



विशेष योग्यजन बहनों ने रक्षा सूत्र बांधा

इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बच्चियों से संवाद भी किया। विशेष योग्यजन बहनों ने रक्षा सूत्र बांधा। कार्यक्रम के अंत में शर्मा ने दिव्यांगों को खीर प्रसादी भी वितरित की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विशेष योग्यजनों को डिजिटल हियरिंग और लर्निंग किट सौंपी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने परिसर में सिंदूर का पौधा भी लगाया। विशेष योग्यजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल भी भेंट की। शर्मा ने राजकीय बौद्धिक दिव्यांग गृह के बालक.बालिकाओं द्वारा हस्तनिर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों को सराहा।

माध्यम से महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हाल में दिव्यांगों को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए समान अवसर नीति 2025 लाई गई।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत प्रथम संतान के जन्म के समय दी जाने वाली राशि 5 हजार से बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये की है। इस योजना में दिव्यांग गर्भवती महिला को 10 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। सरकार द्वारा विधवाओं एकल नारियों तथा दिव्यांग व्यक्तियों को दी जा रही पेंशन को बढ़ाकर एक हजार 250 रुपए प्रति महीने किया गया है।इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि शर्मा के नेतृत्व में अंत्योदय के लक्ष्य को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जामडोली में 200 करोड़ रुपये की लागत से स्वयंसिद्धा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का चरणबद्ध रूप से निर्माण किया जाएगा।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करते पकड़े गए जासूस को जयपुर भेजा

जयपुर/जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर में पाकिस्तान के लिए जासूसी



करने के संदेह में पकड़े गए रक्षा एवं अनुसंधान विकास संगठन डी आर डी ओ के गेस्ट हाउस के प्रबंधक महेंद्र प्रसाद को पूछताछ के बाद गुरुवार की रात जयपुर भेज दिया गया।जैसलमेर के पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे ने शुक्रवार को बताया कि गत चार अगस्त को जैसलमेर के चांधन क्षेत्र में पकड़े गए महेंद्र प्रसाद से सभी सुरक्षा एवं खुफि या एजेंसियों द्वारा पूछताछ के दौरान कई खुलासे हुए हैं। वह पिछले पांच वर्षों से देश की सामरिक एवं गोपनीय सूचनाएं सीमा पार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को भेज रहा था। उन्होंने बताया कि उसकी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से सम्बन्ध होने पर उसे पूछताछ के लिए देर रात केंद्रीय जांच केंद्र जयपुर ;सीआईसी जयपुर भिजवाया गया है। उन्होंने बताया कि जैसलमेर में सैन्य परिसरों एवं अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं में तैनात निजी एवं संविदा में लगे हुए कर्मचारियों का प्रमाणीकरण एवं उनके बारे में जांच की जा रही हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि महेंद्र प्रसाद को सीमा पार से फर्जी डीआरडीओ का अधिकारी कर्नल एके सिंह बनकर आईएसआई से जुड़ा कर्मचारी फोन करता था। महेंद्र प्रसाद कथित कर्नल एके सिंह के तीन अलग.अलग नम्बरों पर डीआरडीओ एवं अन्य सैन्य गतिविधियों की जानकारी कागज पर लिखकर फोटो खींच कर भिजवाता था।वह गेस्ट हाउस में आने वाले डीआरडीओ के वैज्ञानिकए विशेषज्ञ और अन्य सेना एवं वायुसेना के आने वाले अधिकारियों के नाम फोन नम्बर किस कारण से आये हैं इसकी गोपनीय जानकारी सीमा पार उक्त कथित कर्नल एके सिंह को उसके बताए गए नम्बरों पर भेजता था।

सूत्रों ने बताया कि जासूस महेन्द्र प्रसाद का पिता भी काफी समय से दिल्ली एवं अन्य स्थानों पर डीआरडीओ गेस्ट हाउस में कुक का कार्य करता थाए बाद इसको भी पिता ने गेस्ट हाउस में कुक की नौकरी दिलवा दी। बताया जाता है महेन्द्र प्रसाद गेस्ट हाउस में वर्ष 2008 से कुक की नौकरी कर रहा था। बाद में इसे प्रबंधक बना दिया गया था। वह जैसलमेर में डीआरडीओ के गेस्ट हाउस में रहने के दौरान वर्ष 2020 में आईएसआई के सम्पर्क में आया।

# जयपुर में सिपाही और कोर्ट का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रिश्वत लेते अरेस्ट

जयपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ;एसीबी ने शास्त्री नगर आयुक्तालय जयपुर में कांस्टेबल और न्यायालय अतिरिक्त सिविल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कम सं.11 में



चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को 400 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो की पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बताया कि ब्यूरो की जयपुर नगर प्रथम इकाई को शिकायत मिली कि शास्त्री नगर आयुक्तालय में कांस्टेबल दीपचंद मीणा परिवादी को मोचन आदेश देने की एवज में 600 रुपए की रिश्वत मांग रहा है।उन्होंने बताया कि सत्यापन के बाद ब्यूरो के दल ने जाल बिछाकर दीपचंद मीणा और न्यायालय अतिरिक्त सिविल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कम सं. 11 जयपुर महानगर द्वितीय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गुलाम साफ्वान को परिवादी से 400 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।यह कार्रवाई एसीबी जयपुर नगर.प्रथम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र के नेतृत्व में और उपमहानिरीक्षक आनंद शर्मा के सुपरविजन में की गई। टीम में उप अधीक्षक नीरज गुरनानी सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। फिलहाल एसीबी दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

# दोहरे हत्याकांड के तीन दोषियों को आजीवन कारावास

अलवर। राजस्थान में अलवर के अनुसूचित जाति जनजाति मामलों के विशेष न्यायालय ने करीब 11 वर्ष पुराने दोहरे हत्याकांड के मामले में तीन दोषियों को शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

विशेष न्यायाधीश अनीता सिंदल ने अभियुक्त सेगराम महेश उर्फ मुरेश और अनिल सिंह को महेन्द्र और उसके भाई महेश की हत्या का दोषी करार देते हुए तीनों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी किया।

मामले के अनुसार बानसूर थाना क्षेत्र में 18 दिसंबर 2014 को अभियुक्तों ने महेंद्र और महेश की हत्या कर दी थी।

# चित्तौड़गढ़ में अपहरण कर 10 लाख रुपए की फिरौती मांगने वाले 3 बदमाश अरेस्ट



चित्तौड़गढ़। राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति का अपहरण करके 10 लाख रुपए की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने एक कुख्यात बदमाश विजय गुर्जर सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार करके अपहृत व्यक्ति को मुक्त करा लिया है।पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे के प्रकाश चावला अपनी मोटर साईकिल से बाजार जा रहे थे कि रास्ते में चन्दन चौक से देवेन्द्र कुमावत और उसके साथीए विजय गुर्जर, भानुप्रताप ढोली, हरिसिंह राजपूत एक कार लेकर आए प्रकाश चावला की मोटर साईकिल रोककर उन्हें पिस्तौल दिखाकर जबरन कार में डालकर ले गए। बाद में उन्होंने 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी।उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत मिलते ही पुलिस ने बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस दल का गठन किया। दल ने जांच के बाद शातिर बदमाश देवेन्द्र कुमावत 24 उसके साथी विजय गुर्जर 25 भानुप्रताप ढोली23 को गिरफ्तार करके प्रकाश चावला को मुक्त करा लिया। त्रिपाठी ने बताया कि इस मामले में लिप्त हरिसिंह राजपूत और अन्य साथियों की तलाश जारी है।

# रसोई गैस की सब्सिडी के लिए 42000 करोड़ रुपए मंजूर




नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो अलग.अलग फैसलों में रसोई गैस ;एलपीजी सब्सिडी के लिए कुल 42000 करोड़ रुपए के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दोनों प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उज्वला योजना की लाभार्थियों को मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में साल में नौ रिफिल पर 300 रुपए प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जाएगी। इसके लिए 12000 करोड़ रुपए के प्रावधान की मंजूरी दी गई है। इससे पहले अक्टूबर 2023 से साल में 12 रिफिल पर 300 रुपए प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जा रही थी।सब्सिडी का लाभ योजना की 10.33 करोड़ लाभार्थियों को होगा। सरकार ने उज्वला योजना के तहत रिफिल बढ़ाने और गरीब उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मई 2022 में सालाना 12 रिफिल पर 200 रुपए प्रति सिलेंडर लक्षित सब्सिडी की शुरुआत की थी जिसे अक्टूबर 2023 में बढ़ाकर 300 रुपए किया गया था।इसके अलावा मंत्रिमंडल ने रसोई गैस के घरेलू सिलेंडर के मूल्य नियंत्रण के कारण तेल विपणन कंपनियों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए 30 हजार करोड़ रुपए के प्रावधान को भी मंजूरी दी है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार आम उपभोक्ताओं पर अनुचित बोझ न पड़े इसके लिए घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति नियंत्रित मूल्य पर की जाती है। वित्त वर्ष 2024.25 में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एलपीजी की ऊंची कीमतों के कारण तीनों सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों को इस मद में काफी नुकसान हुआ है और अब भी उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है।तीनों तेल विपणन कंपनियों इंडियन ऑयर कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन को 12 किस्तों में इस राशि का भुगतान किया जाएगा। तेल एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय यह तय करेगा कि कंपनियों के बीच राशि का बंटवारा किस प्रकार होगा।

# स्कूटी पार्किंग विवाद: दिल्ली में एक्ट्रेस हुमा कुरैशी के चचेरे भाई की हत्या

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी के चचेरे भाई आसिफकुरैशी की दिल्ली के जंगपुरा इलाके में गुरुवार देर रात स्कूटी पार्किंग को लेकर हुई तीखी बहस के बाद





चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई।दक्षिण पूर्वी जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना गुरुवार रात करीब साढ़े दस बजे की है। इस घटना में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसकी पहचान उज्वल19 और गौतम 18 के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आसिफकुरैशी की अपने घर के सामने लगे स्कूटी को हटाकर दूसरी तरफ़ लगाने को लेकर कुछ लोगों से विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों आरोपियों ने उस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। आसिफको गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिवार के सदस्यों ने कहा कि आरोपियों का आसिफके साथ पहले भी झगड़ा हुआ था और आरोप लगाया कि इतनी छोटी सी बात पर इतनी बेरहमी से हत्या कर दी गई। दिल्ली पुलिस ने इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 1031,3,5, के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी सगे भाई हैं। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट जासूसी ड्रोन बरामद

जैसलमेर। राजस्थान में जैसलमेर जिले के तनोट थाना क्षेत्र में भारत.पाकिस्तान की सीमा के निकट लोंगेवाला क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल ने एक संदिग्ध जासूसी ड्रोन



बरामद किया।आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को सीमा सुरक्षा बल को सूचना मिली कि भारत.पाकिस्तान की सीमा के निकट एक संदिग्ध ड्रोन पड़ा है जिसमें कैमरा लगा हुआ है। इस पर सीमा सुरक्षा बल के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे और ड्रोन को जब्त किया। यह ड्रोन चीन निर्मित है। बल के राजस्थान फ्रंटियर के महानिरीक्षक एमएल गर्ग ने लोंगेवाला क्षेत्र में संदिग्ध कैमरा लगा जासूसी ड्रोन मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि बल के जवानों ने लोंगेवाला क्षेत्र में एक संदिग्ध ड्रोन बरामद किया है। यह छोटा ड्रोन संभवत सीमा पार से भेजा गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल मामले की गहन जांच की जा रही है। ड्रोन पर लगे कैमरे की भी जांच की जा रही है।लोंगेवाला क्षेत्र काफी संवेदनशील क्षेत्र है। यह 1971 के भारत.पाकिस्तान के युद्ध का मैदान भी है। यहां पर वर्षपर्यन्त सेना एवं बीएसएफकी मौजूदगी रहती है। यहां से करीब 15 किमी दूर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर बीएसएफ की चौकसी रहती है। ऑपरेशन सिंदूर के समय भी यहां पर भारतीय सेना का जमावड़ा था। उस दौरान भी पाकिस्तान की ओर से कई प्रकार के ड्रोन भेजे गए थे।

# परम्परा और विरासत को आगे बढ़ाने में बहनों का अहम योगदान - भजनलाल शर्मा





जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रक्षाबंधन पर्व पर शनिवार को यहां वीरांगनाओं सामाजिक कार्यकर्ताओं अधिवक्ताओं चिकित्सकों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी बहनों एवं स्कूल-कॉलेज छात्राओं से रक्षासूत्र बंधवाया। शर्मा ने बहनों को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए कहा कि इस त्यौहार का हमारी संस्कृति में बहुत महत्व है। यह भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। हमारे ऐसे त्यौहारों में समरसता एवं एकरूपता का संदेश निहित होता है। उन्होंने कहा कि हमारी परम्परा और विरासत को आगे बढ़ाने में बहनों का अहम योगदान है। बहनें परिवार में विभिन्न भूमिकाएं निभाते हुए उसे संजोने एवं संस्कारित करने की जिम्मेदारी निभाती है। इसलिए हमारी संस्कृति में बहनों का स्थान सर्वोपरि होता है। शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर छोटी एवं बड़ी बहनों का स्नेह एवं आशीर्वाद मुझे मिला है। यह मेरे लिए अभेद्य सुरक्षा कवच है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य क्षेत्रों के साथ ही सामाजिक सरोकारों के माध्यम से भी देश को आगे बढ़ाया है। उन्होंने स्वच्छता, लिंगानुपात, पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में अभियान चलाकर देशभर में जन.जागरूकता की अलख जगाई।मुख्यमंत्री ने उपस्थित बहनों से आह्वान किया कि वे पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाने के साथ ही सामाजिक कार्यों से भी जुड़ें और केन्द्र एवं रा'य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित भाई.बहनों को उनका लाभ दिलाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। इससे ही समाज में बदलाव आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता.बहनों के शिक्षित एवं सशक्त होने से ही देश और प्रदेश उत्कृष्ट बनेगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश की नारियों ने अपने महान कार्यों से इतिहास रचा है उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे भी जीवन में साहसिक रूप से कार्य करते हुए अपने सपनों को पूरा करें।कार्यक्रम में शर्मा ने वीरांगना बहनों से राखी बंधवाई और उनका विशेष सम्मान किया। इस दौरान प्रजापिता ब्रह्मकुमारिज संस्थान की चन्द्रकला दीदी तथा अन्य प्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री एवं उनकी धर्मपत्नी गीता शर्मा को रक्षासूत्र बांधा वहीं स्कूलों में पढ़ने वाली बहनों ने जब अपने नन्हें हाथों से शर्मा को राखी बांधी तो उन्होंने उनके सिर पर हाथ रखकर स्नेहिल आशीर्वाद दिया।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उपस्थित बहनों से संवाद किया और उन्हें सम्मानस्वरूप उपहार भेंट किए। इस दौरान चिकित्साए कानून व्यवस्था एवं न्याय सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी नारी शक्ति ने राजयि सरकार द्वारा महिला सुरक्षा सम्मान एवं सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

## दिया कुमारी ने आर्मी कैंप में जवानों को राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को यहां दक्षिण.पश्चिमी कमांड मुख्यालय में रक्षाबंधन का पर्व सैनिकों के साथ मनाया। इस अवसर पर श्रीमती दिया कुमारी ने दक्षिण.पश्चिमी कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह सहित अधिकारियों और जवानों को राखी बांधी। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की कार्यकर्ता भी इस अवसर पर मौजूद थीं।कार्यक्रम के दौरान दिया कुमारी ने कहा कि जनता की सेवा के लिए जो बलिदान और समर्पण सेना के जवान करते हैं वह सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अनेक अवसरों पर हमारे सैनिकों के बीच त्यौहार मनाते हैं और उनसे ही मैंने यह प्रेरणा ली है।उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि देश के लिए इस अभियान में सेना ने जो साहसिक कार्य किया वह अविस्मरणीय है। हर समय सेना दुश्मन के सामने मजबूती से खड़ी रहती है।उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। केंद्र सरकार ने सेना को निर्णय लेने की पूरी स्वतंत्रता दी जो एक महत्वपूर्ण फैसला था। इसी कारण आज हमारा देश सुरक्षित है और हम सभी खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं।

# रामदेवरा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जोधपुर से स्पेशल ट्रेन चलेगी

जयपुर। राजस्थान में उत्तर.पश्चिम रेलवे द्वारा रामदेवरा मेले के दौरान यात्रीभार को देखते हुए श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा के लिए जोधपुर.रामदेवरा. जोधपुर विशेष रेलसेवा का संचालन किया जाएगा। उत्तर.पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी शशिकिरण ने गुरुवार को बताया कि गाड़ी संख्या 04833ए जोधपुर.रामदेवरा विशेष रेलसेवा 10 अगस्त से 31 अगस्त तक जोधपुर से पूर्वाह्न 10 बजकर 50 मिनट पर रवाना होकर दोपहर ढाई बजे बजे रामदेवरा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04834 रामदेवरा. जोधपुर विशेष रेलसेवा 10 अगस्त से 31 अगस्त तक रामदेवरा से अपराह्न तीन बजकर 20 मिनट पर रवाना होकर शाम को सवा सात बजे जोधपुर पहुंचेगी।

# Ambassador of Compassion: Tibet House, New Delhi, to Celebrate the 90th Birth Anniversary of the Dalai Lama with a 'Year of Compassion'

In an age of noise where headlines race ahead of history, it is often the quiet voices that endure. On the 6th of July, 2025, His Holiness the 14th Dalai Lama turns ninety, a milestone not merely of years, but of ceaseless devotion to compassion, dialogue, and the inner sciences of peace. More than a spiritual teacher, he has become the world's Ambassador of Compassion, a living embodiment of empathy in an age of fragmentation.To mark this rare moment, Tibet House – India's cultural bridge between ancient wisdom and the modern seeker is curating a year-long tribute titled Year of Compassion.This is not just a celebration; it is a recollection. A return to values that have sustained a people in exile and inspired the wider world to look within.At the heart of the festivities is the screening of Wisdom of Happiness, a cinematic meditation on His Holiness's life and teachings. Directed by Barbara Miller, Philip Delaquis, and Manuel Bauer, with the gentle support of Richard Gere and Oren Moverman, the film becomes a visual pilgrimage through the terrain of joy carved out through suffering.A suite of new publications will also be released under Tibet House's banner: research journals, essays, and books on Universal Ethics, including a compilation of His Holiness's insights on ecology,a theme close to his heart, where inner climate meets outer emergency. Of particular note is The Four Commitments, a lucid summation of His Holiness's lifelong vows: to humanity, to religious harmony, to the preservation of Tibetan culture, and to reviving the ancient Indian wisdom traditions.A series of exhibitions will feature books authored by the Dalai Lama, a cartographic journey through his dramatic escape route in 1959, and a collection of the countless honors he has received around the globe. But most poignant, perhaps, will be the photo exhibits: glimpses into the soft and serious moments of a man who has been monk, refugee, Nobel laureate, and moral compass of humanity.



## सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय जागृति मंच के लहरिया महोत्सव में झलकी राजस्थानी संस्कृति

### महिलाओं के लिए प्रतियोगिताओं व मस्ती भरे खेलों का आयोजन






अजमेर। अजमेर। सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय जागृति मंच की ओर से बुधवार को 7वां लहरिया महोत्सव श्रीनगर रोड स्थित होटल दाता इन में धूमधाम मनाया गया। संस्था की सदस्यों ने बढ चढ़कर इसमें शिरकत की।मंच अध्यक्ष सुनीता चौहान ने बताया कि राजस्थानी संस्कृति के अनूठे संगम लहरिया महोत्सव की मुख्य अतिथि नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष द्रोपती कोली व विशिष्ट अतिथि स्नेहा भाटी, नंद भाटी, मधु सैनी व ज्योति सोनी थीं। लहरिया महोत्सव में सोलह श्रृंगार नृत्य व मेहंदी प्रतियोगिता आकर्षण का केन्द्र रही। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए महिलाएं सज.धज कर पारंपरिक परिधान लहरिया पहनकर पहुंची। मेहंदी प्रतियोगिता में ललित मालोदिया प्रथमए डोजी शर्मा दूसरे व रितु चौहान तीसरे नंबर पर रहीं। रैम्प वॉक में चेतना पहले सृष्टि अग्रवाल दूसरे तथा पूजा होरी तीसरे स्थान पर रहीं। नृत्य में ललित मालोदिया पहले व रेखा बालोटिया दूसरे स्थान पर रहीं। ललित मालोदिया को सावन क्वीन घोषित किया गया।सावन क्वीन और कैटवाक प्रतियोगिता में निर्णायक गुलशन बेगम व मीनाक्षी विजय ने निभाई। नृत्य प्रतियोगिता की निर्णायक दृष्टि राय तथा मेहंदी प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका नविता टांक व शिल्पी तुदंवाल ने अदा की।मंच अध्यक्ष सुनीता चौहान की ओर से भी तमोला प्राइस रखा गया साथ ही अतिथियों ने व्यक्तिगत रूप से भी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। न्यू प्रोग्रेसिव पेटर्न स्कूल साई आर्थो क्लिनिक नेचुरल आकर्षण स्टोन की ओर से से भी विजेता महिला सदस्यों को पुरस्कृत किया गया।आस्था बुटीक और नित्यश्री साड़ी की ओर से आकर्षक प्राइज प्रदान किए गए।लहरिया महोत्सव में में लगाई गई एग्जिबिशन में ज्वेलरी, मसाले, कॉस्मेटिक व साड़ी की स्टॉल पर खूब भीड उमडी। मस्ती वाले खेलों में सभी ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज के साथ हुआ।सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय जागृति मंच की राम कन्याए सुमन भाटी, एडवोकेट बबीता टांक, बबीता मौर्य, रजनी कच्छावा, नीतू गहलोत, सुशील चौहान, ममता पालरिया, रेखा समेत बडी संख्या में सदस्य मौजूद रहीं।

## संस्कृत महाविद्यालय में संस्कृत दिवस का आयोजन

अजमेर। राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालय में प्राचार्य अलका देश की अध्यक्षता में बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संस्कृत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कविता-पाठ, भाषण, श्लोक-गायन, निबंध प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी आदि विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई।प्राचार्य अलका देश ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति ज्ञान.विज्ञान और नैतिक मूल्यों की मूल धारा है। इसके अध्ययन से हम अपने अतीत की गौरवशाली परंपराओं से जुड़ते हैं और उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होते हैं।कार्यक्रम में सहायक आचार्य राजेंद्र सिंह लखावतए सहायक लेखा अधिकारी अशोक कुमार जैनए शास्त्री लोकेश शर्मा विमला गुर्जरए शारदा देवी, ऋषि मिर्धा अभ्युदय पंडित एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।संस्कृत दिवस के इस आयोजन का उद्देश्य संस्कृत भाषा के संरक्षण संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों में इसके प्रति रुचि एवं गर्व की भावना जागृत करना रहा।

## सिन्धुपति महाराजा दाहरसेन की 1356वीं जयंती की प्रचार सामग्री का विमोचन



अजमेर। महाराजा दाहरसेन की 1356वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में 19 से 25 अगस्त तक होने वाले सात दिवसीय कार्यक्रमों की प्रचार सामग्री का शुक्रवार को विमोचन किया गया।स्वामी कॉम्पलेक्स में आयोजित बैठक में बताया गया कि 19 अगस्त को रंग भरो प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल विजेताओं की घोषणा करेंगे 20 अगस्त सुबह 8.30 बजे स्मारक पर पौधरोपण कार्यक्रम होगा। 21 से 23 अगस्त तक बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 22 अगस्त सुबह 8.30 बजे रूपला कोल्ही के बलिदान समारोह पर पुष्पांजलि कार्यक्रम 23 अगस्त को ऑनलाइन क्वीज काम्पीटिशन होगा। पूर्व संध्या पर 24 अगस्त शाम 6 बजे देशभक्ति आधारित सांस्कृतिक व पुरस्कार वितरण समारोह के साथ रूपला कोल्ही का बलिदान समारोह कार्यक्रम 25 अगस्त सुबह 8.30 बजे जयंती के अवसर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।बैठक में समिति के संपत सांखला, महेन्द्र कुमार तीर्थाणी, कंवल प्रकाश किशनानी, शिव प्रसाद गौतम, शैलेन्द्र सिंह परमार, विनीत लोहिया, किशोर मारोठिया, लेखराज राजोरिया, दिलीप पारीक, मोहन कोटवानी, मोहन तुल्सीयानी, पुरूषोत्तम तेजवानी, दुर्गा प्रसाद शर्मा, रामस्वरूप कुडी, महेश टेकचंदानी, मुकेश खीचीं, रमेश एच लालवानी, कोस्तुभ सिंह भाटी, आदि मौजूद रहे।

## अजमेर-पुरी-अजमेर ट्रेन का मंचेश्वर स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव

अजमेर। रेलवे द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा के लिए अजमेर.पुरी.अजमेर द्वि.साप्ताहिक रेलसेवा का ओडिसा में स्थित मंचेश्वर स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर ठहराव दिया जा रहा है। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार 14 अगस्त को अजमेर से प्रस्थान करने वाली गाडी संख्या 20824 अजमेर.पुरी द्वि.साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा मंचेश्वर स्टेशन पर ठहराव करेगी। यह गाड़ी 12.26 बजे आगमन एवं 12.28 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार 14 अगस्त को पुरी से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 20823 पुरी.अजमेर द्वि.साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा मंचेश्वर स्टेशन पर 00.36 बजे आगमन एवं 00.38 बजे प्रस्थान करेगी। इस गाड़ी का इस रेलवे स्टेशन पर ठहराव प्रायोगिक तौर पर आगामी आदेशों तक किया गया है।

## चंबल नदी में नहाने गए दो किशोरों की डूबने से मौत

कोटा। राजस्थान में कोटा के कैथूनीपोल थाना क्षेत्र में चंबल नदी में नहाने गए दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। थानाधिकारी पुष्पेंद्र बंशीवाल ने बताया कि यह हादसा चंबल नदी के डाउनस्ट्रीम हिस्से में शुक्रवार शाम करीब छह बजे हुआ। उन्होंने बताया कि चार लड़के नदी में नहाने पहुंचे थे। इसी दौरान दो लड़के पैर फिसल जाने से नदी के तेज बहाव में बह गए और नदी में डूबे जाने से उनकी मृत्यु हो गई। दोनों के शव नदी से निकाल लिए गए। मृतक किशोर क्षेत्र के पाटनपोल इलाके के रहने वाले थे।

## 10 श्रमिकों तक के नियोजन पर संस्थानों को पंजीयन से मिलेगी छूट

जयपुर। राजस्थान में ईज ऑफ डूईंग बिजनस को बढ़ावा देने की दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम.1958 की धारा.4 के तहत शिथिलता प्रदान की है।आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शर्मा के इस निर्णय से 10 की संख्या तक श्रमिकों का नियोजन करने वाले संस्थानों को इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीयन के प्रावधानों से छूट मिलेगी। इससे छोटी दुकानों एवं वाणिज्यिक संस्थानों को व्यापार करने में सहूलियत मिल सकेगी।इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम.1958 को वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुरूप संशोधित करने के क्रम में प्रस्तावित राजस्थान शॉप्स एण्ड इस्टेबलिशमेंट रेगुलेशन ऑफ इम्प्लॉयमेंट एण्ड कंडीशन ऑफ सर्विस एक्ट 2025 के प्रारूप को प्रशासनिक मंजूरी भी दी है।

## दिल्ली के जैतपुर में दीवार गिरने से 7 लोगों की मौत

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी दिल्ली के जैतपुर में दीवार गिरने से मलबे में दबकर सात लोगों की मौत हो गई जबकि एक शख्स का अस्पताल में इलाज चल रहा है।दक्षिण पूर्वी जिले के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची। पुलिस और राहत बचाव दल ने मलबे से आठ लोगों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। इनमें सात लोगों की मौत हो गई।उन्होंने कहा कि मृतकों में मृतकों में तीन पुरुष, दो महिलाएं और दो बच्चियां शामिल हैं जबकि 27 वर्षीय हसीबुल का सफ्दरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है।



समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

मो. +91 9887907277, 7737385114
Email ID
sabgurunews@gmail.com
अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.
जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)